# बिहार सरकार
## सहकारिता विभाग
### ।। अधिसूचना ।।

पटना, दिनांक 02/03/26

संख्या–01/रा॰स्था॰ (विविध)–100/2024 सह॰ 1293 श्री मिथिलेश कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गयाजी (अतिरिक्त प्रभार–प्रबंध निदेशक, दी मगध सेन्ट्रल को–ऑपरेटिव बैंक लि॰, गयाजी) के पत्रांक–370 दिनांक–16.02.2026 द्वारा स्वास्थ्य कारणों के कारण दिनांक–17.02.2026 से 21.02.2026 तक पाँच दिनों की आकस्मिक अवकाश पर बिना पूर्व अनुमति के ही मुख्यालय से प्रस्थान किया गया। पुनः पूर्व में दिये गये अवकाश आवेदन को 15 दिनों के लिए विस्तारित किया गया है। विदित है कि विभागीय पत्रांक–260 दिनांक 14.01.2026 द्वारा मुख्यालय छोड़ने के संबंध में सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया है कि विभाग स्तर से स्वीकृति प्राप्त करने के उपरांत ही मुख्यालय से प्रस्थान करेंगे।

श्री मिथिलेश कुमार के बिना पूर्व अनुमति अवकाश पर चले जाने के कारण विभागीय कार्यों एवं अधिप्राप्ति जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के संचालन के दृष्टिगत किसी पदाधिकारी को अतिरिक्त प्रभार दिए जाने की आवश्यकता है।

2. उक्त आलोक में श्री गेन्धारी पासवान, सहायक निबंधक, स0स0, गयाजी अंचल, गयाजी को जिला सहकारिता पदाधिकारी, गयाजी एवं श्री नेश गोल्ड, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जहानाबाद को प्रबंध निदेशक, दी मगध सेन्ट्रल को–ऑपरेटिव बैंक लि॰, गयाजी का अतिरिक्त प्रभार अपने कार्यों के अतिरिक्त तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक दिया जाता है।

3. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह॰/–

**(मो॰ अब्दुल रब खाँ)**
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक........................................./पटना, दिनांक.........................................
01/रा॰स्था॰(विविध)–100/2024 सह॰

**प्रतिलिपिः–** प्रधान महालेखाकार (ले॰ एवं हक॰), बिहार, पटना/वित्त (वै॰दा॰नि॰को॰) विभाग, बिहार, पटना/सभी संबंधित कोषागार पदाधिकरी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह॰/–
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक 1293/पटना, दिनांक 02/03/26

**प्रतिलिपिः–** माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के निजी सहायक/निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/संयुक्त सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/संबंधित जिला पदाधिकारी/संबंधित प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार/संबंधित सहायक निबंधक, स॰स॰/संबंधित पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–08, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/विभागीय आई॰टी॰ मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को ई–मेल एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ